हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 108 हल्द्वानी (नैनीताल) शनिवार 28 फरवरी 2026 मूल्य रू 2 पृष्ठ : 8

## मुख्यमंत्री ने सीएसआर मद से प्राप्त दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**– जनपद की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़**



चम्पावत (संवाददता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बहल पेपर मिल द्वारा उपलब्ध कराए गए दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद की स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने टनकपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाकर दोनों वाहनों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इसमें से एक वाहन चिकित्सा विभाग को सौंपा गया है, जिससे आपातकालीन स्थितियों और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदूर क्षेत्रों तक आसान हो सकेगी। वहीं, दूसरा वाहन राजकीय इंटर कॉलेज, मंच के लिए आवंटित किया गया है, जो विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों और छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहल पेपर मिल के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यों में कॉरपोरेट जगत की भागीदारी अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ष्हमारी सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएसआर मद से प्राप्त ये वाहन निश्चित रूप से स्थानीय स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाएंगे। इस अवसर पर मा सांसद अजय टम्टा, अध्यक्ष, जिला पंचायत चम्पावत आनंद सिंह अधिकारी, उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, मा0 विधायक प्रतिनिधि टनकपुर दीपक रजवार, चम्पावत प्रकाश तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, उपाध्यक्ष भुवन पांडे, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती चंद, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश चौहान सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## गैंगरेप कांड का खुलासा

रुद्रपुर (संवाददाता)। /विगत दिनों शहर में हुए गैंगरेप कांड का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज घटना में चौंकाने वाला खुलासा किया है। दरअसल इस घिनौनी वारदात में पीड़िता का देवर ही मास्टरमाइंड निकला। इस केस में पुलिस ने अबतक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तो वहीं डर के मारे एक आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।दरअसल 22 फरवरी 2026 को रुद्रपुर में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। 24 फरवरी को पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करवाई कई थी। जिसके तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने भी तत्काल इस मामले में जांच तेज कर दी थी।एसएसपी अजय गणपति ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को पीड़िता अपने देवर के साथ सरस मेले से लौट रही थी। तभी मोदी मैदान के पास रात करीब 9 बजे देवर के परिचित तीन युवक वहां पहुंचे।पीड़िता के अनुसार आरोपियों द्वारा उसे सुनसान स्थान पर ले जाया गया। जहां दो युवकों ने उसके साथ गैंग रेप किया। अब जांच में सामने आया कि ये पूरी साजिश पहले से ही रची गई थी। इस पूरे पड्यंत्र का मास्टरमाइंड देवर ही था। उसी ने अपने दोस्तों को बुला कर दुष्कर्म करवाया।एसएसपी ने बताया इस घटना से पहले ही देवर करण राजा रस्तोगी, विशाल और अभय सक्सेना उर्फ चाइना से मिल चुका था। पीड़िता को तीनों जबरन बाइक पर बैठाकर ठंडी सड़क की तरफ ले गए। पहले अभय और उसके बाद राजा रस्तोगी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।



## महिलाओं द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया

रामनगर (संवाददता)। इनर व्हील क्लब रामनगर डिस्ट्रिक्ट 311के द्वारा नगर के कृष्णा गार्डन रिजॉर्ट में महिलाओं द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। कई वर्षों बाद बुरा न मानो होली है थीम के अंतर्गत विभिन्न आकर्षक टाइटल प्रदान किए गए, जिन्हें पाकर सदस्याएं अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाकर शाति का संदेश दिया तथा आई लव इनरर व्हील प्रोजेक्ट के अंतर्गत एकता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नृत्य, गीत, हाउजी और विभिन्न मनोरंजक खेलों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर आँचल गोयल व द्वितीय स्थान पर यशवी अग्रवाल रही। विजेताओं को क्लब की अध्यक्ष कविता अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सेक्रेटरी अंजली जिंदल, ट्रेजरर मीना मित्तल,जीजीआर पीयूषी जिंदल, प्रीति बंसल, चारुल जिंदल, प्रियंका अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, स्वाति, ज्योति, रुचि गदे, रीता, दर्शिका सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। रंग, उमंग और सौहार्द के साथ यह कार्यक्रम विभिन्न सरप्राइज और खेलों के बीच हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।



## विधायक राम सिंह कैड़ा ने शिक्षा सचिव से की मुलाकात स्कूलों के उच्चीकरण करने की करी मांग

भीमताल (संवाददाता)। विधायक राम सिंह कैड़ा ने कल बृहस्पतिवार की देर शाम को शिक्षा सचिव रवि नाथ रमन से मुलाकात कर कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा,धारी,रामगढ़, व भीमताल लॉक के ग्रामीण लंबे समय से कई हाईस्कूलों का उच्चीकरण करने की मांग कर रहे हैं जिला स्तर से प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर लंबित है विधायक ने कहा हाईस्कूलों का उच्चीकरण नहीं होने से छात्र-छात्राओं,व अभिभावकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है विधायक ने कहा छात्र-छात्राओं के हित के लिए भीमताल विधानसभा के 1दर्जन विद्यालयो का हाईस्कूल से इंटर स्तर तक उच्चीकरण होना अति आवश्यक है इसके साथ ही विधायक कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा के कई इंटर कालेजो मै शिक्षको के पद रिक्त चल रहे! और कहा कई विद्यालयो के भवनो का निर्माण कार्य किया जाना है, विधायक ने कहा शिक्षामित्रो को समान कार्य समान वेतन मिलन अति आवश्यक है! विधायक कैड़ा ने शिक्षा सचिव से विभिन्न हाईस्कूलों का उच्चीकरण करने, शिक्षकों के रिक्त पद पर नियुक्ति करने,इंटर कॉलेज के भवनो के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृति करने,शिक्षामित्रो का मानदेय बढ़ाने की मांग की!



हिन्दी दैनिक जोखिम

# सम्पादकीय

## सत्र समाप्त होने के साथ ही चर्चाएं भी समाप्त

संसद के बजट सत्र में ब्रेक चल रहा है। सत्र का दूसरा हिस्सा नौ मार्च से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र का पहला हिस्सा बहुत हंगामे वाला रहा। वैसे तो हर सत्र ही हंगामे वाला होता है लेकिन इस बार कुछ अनोखी चीजें हुईं। जैसे स्पीकर ने प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई एक अधूरी चर्चा का जवाब देने लोकसभा में नहीं आएं क्योंकि कुछ श्अप्रत्याशित्र घट सकता है। प्रध ानमंत्री मान भी गए। पहली बार ऐसा हुआ। ऐसे ही पहली बार हुआ कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और बदले में विपक्ष ने प्रधानमंत्री को नहीं बोलने दिया। पहली बार विपक्ष की महिला सांसदों से प्रधानमंत्री को खतरा होने की बात हुई। पहली बार नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन पेश किया गया। पूर्व प्रधानमंत्रियों की नीतियों की आलोचना तो पहले भी होती थी लेकिन इस बार की नई गिरावट यह थी कि पूर्व प्रधानमंत्रियों की जीवनी या उनके ऊपर लिखी गई किताबों में से यहां वहां के उद्धरण छांट कर उनको श्गद्दार्, श्अय्याश्र आदि सदन के अंदर कहा गया। पहली बार ऐसा हुआ कि संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्षी सांसदों पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्पीकर के चौम्बर में जाकर गाली गलौज की। करीब चार दशक बाद पहली बार स्पीकर के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया। यह सब कुछ दो से 13 फरवरी के बीच हुआ।यह 12 दिन का समय राहुल गांधी की राजनीति के लिए बहुत अच्छा रहा। वे इस 12 दिन की राजनीति के केंद्र में रहे। दो फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उनके भाषण देने से विवाद शुरू हुआ और उनके खिलाफ मोशन लाए जाने के बाद सदन की कार्यवाही आठ मार्च तक स्थगित हुई। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले यूरोपीय संघ के साथ व्यापार संधि हुई और सत्र के बीच अमेरिका के साथ संधि की घोषणा हुई। इसी बीच एपस्टीन फाइल्स के पन्ने खुले, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और एक कारोबारी के एपस्टीन से संपर्कों की कहानियां आईं। इन तमाम घटनाओं ने राहुल गांधी को मौका दिया कि वे केंद्र सरकार पर हमलावर रहें। कुछ अंतरराष्ट्रीय हालात और कुछ राहुल गांधी के तेवर से सरकार बैकफुट पर रही। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री तक बचाव की मुद्रा में दिखे। राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाना भी घबराहट का ही संकेत है। सोशल मीडिया में नैरेटिव है कि राहुल ने कमाल कर दिया।इस पूरे घटनाक्रम से राहुल का आत्मविश्वास भी बढ़ा, जिसमें उन्होंने दो बड़ी गलतियां कीं। आत्मविश्वास और अति उत्साह में उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर अपने एक साथी सांसद और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को श्गद्दार दोस्त्र कहा। यह राहुल गांधी की अपनी छवि के बिल्कुल उलट बात थी। दूसरी गलती उन्होंने यह कर दी कि दो केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रहलाद जोशी की मीडिया से बातचीत के बीच में घुस गए और बोलने लगे। उन्होंने प्रहलाद जोशी का हाथ पकड़ कर उनको रोकने का प्रयास भी किया। इन दोनों घटनाओं को कांग्रेस इकोसिस्टम के लोगों ने खूब प्रचारित किया। उन्होंने इसे ऐसे प्रस्तुत किया, जैसे राहुल के डर से दो मंत्री भाग गए और राहुल ने ठीक किया, जो कांग्रेस छोड़ने वाले बिट्टू को गद्दार कहा। लेकिन ये दोनों घटनाएं सामान्य संसदीय आचरण के अनुरूप नहीं हैं।बहरहाल, संसद के बजट सत्र में राहुल गांधी चर्चा के केंद्र में रहे। वे एजेंडा सेट करते रहे, जिस पर सरकार जवाब देती रही और बैकफुट पर रही। लेकिन यह पहला सत्र नहीं है, जिसमें राहुल ने महफिल लूटने वाला काम किया है। इससे पहले भी डोकलाम का घटनाक्रम हो या हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट हो, हर बार सत्र में राहुल गांधी हीरो होते हैं। वे अच्छे और लंबे भाषण करते हैं और संसद के पूरे सत्र का एजेंडा सेट कर देते हैं। लेकिन क्या संसद सत्र के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली राजनीति चुनाव के मैदान में कांग्रेस को लाभ पहुंचाती है? क्या संसद में वे जो राजनीति करते हैं उससे कांग्रेस संगठन को ताकत मिलती है? यह सही है कि इससे राहुल गांधी की साहसी और निर्भीक नेता की छवि को मजबूती मिलती है और कांग्रेस की चर्चा होती है। लेकिन सत्र समाप्त होने के साथ ही ये चर्चाएं भी समाप्त हो जाती हैं। राहुल गांधी को यह ध्यान रखने की जरुरत है कि राजनीति बिट्स एंड पैचेज में होने वाली चीज नहीं है। संसद सत्र में उनके उठाए मुद्दों से जो माहौल बनता है उसे जनता के बीच ले जाना होता है। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने की जरुरत होती है ताकि मुद्दों पर जमीनी स्तर पर राजनीति हो सके। अफसोस की बात है कि राहुल गांधी यह काम नहीं कर पाते हैं। उन्होंने सत्र के बीच एक दिन किसान बन कर मनरेगा बचाओ आंदोलन में हिस्सा लिया लेकिन 45 दिन का कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान कब शुरू हुआ और कब समाप्त हो गया, यह न तो जमीनी स्तर पर दिखा और न दिल्ली में दिखा।

# भयाकुल जीवन झूठ की कोयला खदानों में सांस ले रहा

हरिशंकर व्यास

देश इन दिनों सत्य-शोध की कोयला खदान है, जिससे यदा-कदा निकले चमकीले कण दिमाग और बुद्धि को खदबदा देते हैं। हाल में रक्षा बजट में एक लाख करोड़ रु. से अधिक बढ़ोतरी की खबर थी। भारत 2026-27 में 2.19 लाख करोड़ रु. के सैन्य उपकरण खरीदेगा। ऐसे ही यूरोपीय संघ के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से व्यापार समझौते की सुर्खघी है। मतलब जहाँ सैन्य क्षमताओं में बढ़ोतरी का कदम, वहीं भारत की आर्थिकी का खुलना। कभी मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे अरविंद सुब्रमण्यम ने लिखा है कि अब भारत विश्व की सर्वाधिक खुली आर्थिकी होने के कघ्गार पर है! बहुत अच्छा। पर ये फैसले भारत की मजबूरी से हैं या ठोस संकल्प से हैं?

आखघ्रि चीन से हारने के बाद सैन्य ताकघ्त का विस्तार तो नेहरू के समय में ही शुरू हो गया था। फिर लालबहादुर शास्त्री ने मुंबई में ट्रॉम्बे में एटमी भट्टी का शिलान्यास किया। इंदिरा गांधी ने परमाणु परीक्षण कराया। नरसिंह राव ने परमाणु बम-मिसाइलें बनवाईं, तो वाजपेयी ने बिना आगे-पीछे सोचे पोखरण में पाँच परीक्षण कर दुनिया को बतायाख्रआज बुद्ध पूर्णिमा है!ऐसे ही नरसिंह राव ने आर्थिकी खोली। मनमोहन सिंह ने उससे भूमंडलीकरण साधा, तो ट्रंप के झटकों के बाद भारत अब उनकी शर्तों पर व्यापार समझौता किए हुए है। सर्वाधिक खुली आर्थिकी के जुमले बन रहे हैं, तो स्वाभाविक सवाल हैख्रखुलने से हम बाजार बनेंगे या समर्थ, आत्मनिर्भर होंगे या आश्रित ? यह मानना तो मूर्खता ही होगी जो सोचे कि चीन डरकर लद्दाख, अरुणाचल से निगाह हटा लेगा या पाकिस्तान की कश्मीर से नजर हट जाएगी। हकघीकघ्त है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक सैन्य जगत में भारत की जो किरकिरी हुई, उसने मोदी सरकार को सैन्य खर्च बढ़ाने के लिए मजबूर किया है।ऐसे ही अमेरिका और यूरोप के साथ व्यापार करार भी भयाकुल मनोदशा में हैं।यही कलियुगी हिंदुओं का वह इतिहासजनित डीएनए है, चरित्र है, जिसमें मुझे कोयला खदान का बिंब झलकता है! कोई तीन दशक पहले मैंने झारखंड घूमते हुए कोयला खान के मुहाने के घने काले परिवेश में काली धूल में लथपथ जीवन महसूस किया था। मिट्टी, मजदूरी, झोपड़ियाँ, मजदूर (आदिवासी बहुल), इन्फ्घ्रास्ट्रक्चरख्रसब काली धूल में लथपथ। मानो शनि का घर। फिर घूमते-घूमते कोल इंडिया, स्टील इंडिया के सरकारी प्रतिष्ठान, बोकारो का स्टील प्लांट देखा-समझा, तो दिमाग बुरी तरह खदबदाया। मेरी इस सोच को बल मिला कि नेहरू के समाजवाद, लाइसेंस-कोटा-परमिट और अंग्रेज विरासत ने सब गुड़गोबर किया है।अर्थात मुस्लिम-मुगल लुटेरों-शासकों से जहां हिंदुस्तान खेतीहर पैदावार, हस्तशिल्प की उत्पादकता-व्यापार में लुटा तो अंग्रेज हुक्मरानों ने लगान-लूट के अलावा खदानों-कच्चेमाल (माइनिंग), व्यापार (मर्कैंटाइल)ख्र यानी कोयले की दलालीख्रके काले हाथों में हिंदुस्तानियों को रंगा। लुटेरे जगतसेठ पैदा किए। वही दिशा स्वतंत्रता के बाद, प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू से बनी। उन्होंने पुराने अंग्रेज मॉडल की विरासत की नींव पर श्आइडिया ऑफ इंडिया्र गढ़ा। ऐसा समाजवाद अपनाया, जो सत्ता द्वारा, सत्ता के खातिर, सत्ता की लूट का तंत्र विकसित करने वाला था। नतीजतन भारत के लोग पावरफुल श्नागरिक्र बनने की बजाय और अधिक हुकूम के बंधुआ, कघनूनों में बंधे, माई-बाप सरकार पर आश्रित हुए। नौकरशाही ने समाजवाद के नाम पर आर्थिकी को माइनिंग-मर्कैंटाइल के ढाँचे वाली कोयला खान को पुनर्गठित किया!समय कुछ बदला। सो बुद्धिमान पी. वी. नरसिंह राव की मौन बहादुरी से भारत ने ताजा हवा पाई। डॉ. मनमोहन सिंह की दृष्टि, विद्वत्ता से वैश्विक राजधानियों में भारत का मान बना। पर हम हिंदुओं का इतिहास तो भयाकुल कघैम का है। समर्पणख्रभूखख्रभयख्रभक्ति का है। वह कैसे मिटता? मेरा लिखना इमरजेंसी के समय 1976 से शुरू हुआ है। तब वैश्विक विषयों (सोवियत संघ, शीतयुद्ध, अफगानिस्तान आदि) पर लिखता था, तो साम्यवाद, समाजवाद, गरीबी हटाओ, 20 सूत्री कार्यक्रमों से भारत समझ आता था। पूरा ठीकरा नेहरू के आइडिया, समाजवाद, गिरगिटी नौकरशाही की कोयला खदान पर केद्रीत हुआ। तब भी जाहिर था कि हिंदुओं का वह भक्ति काल है, जो हजार साल की गुलामी से पैदा कायरता का बाय-प्रोडक्ट है।इसलिए मेरे लिए 1977 में कांग्रेस की हार और इंदिरा गांधी की जगह निर्भीकता का मंत्र देने वाले मोरारजी देसाई का शपथ लेना मानो क्रांति के क्षण थे। पर उन्होने भी नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया के ढाँचे को नहीं समेटा। उलटे सदियों से सत्ता के लिए फड़फड़ाती कघैम के नए प्रतिनिधि भुख्खड़ों में घमासान बना। पहले समाजवादी, फिर कम्युनिस्ट नेताओं की वह तोड़फोड़, वह आचरण प्रकट हुआ, जिसमें आयाराम-गयाराम भी हुआ; तो बाँटो और राज करो की मंडल राजनीति, फिर संघ-आडवाणी की कमंडल राजनीति भी खिली। चुपचाप भगवा रंग चढ़ने लगा।बीच में जरूर नरसिंह राव ने अफसरों (शासन) की दखल घटाई, भारत खुला; पर सत्ता की भूख, हड़बड़ी (जैसे 1947 से पहले नेहरू-गांधी की थी) भी खुली। मंडल-कमंडल के वे नेता जमीनी हल्ला बनाते हुए थे, जिससे देश ने चीन के साथ-साथ उठने के अवसर गँवाए। कम्युनिस्ट सुरजीत-प्रकाश करात, लालू, रामविलास आदि प्रगतिशीलता, सामाजिक न्याय के हवाले अपने ही समर्थ से बनाई मनमोहन सिंह सरकार की नाक में भी दम किया। कुल मिलाकर आर्थिकी खुली, तब भी देश चीन की तरह फायदा नहीं उठा पाया। हाँ, नारायणमूर्ति जैसे कुछ नए उद्यमियों की बदौलत भारत जरूर आईटी क्षेत्र में दुनिया का बैकऑफिस, आईटी-कुलियों का सप्लायर देश बना। मेरा मानना है कि गुलामी के इतिहासजन्य डीएनए से हम हिंदू बुद्धि-बल से ज्ञान-विज्ञान-शोध-तकनीक-लेखन में कुछ भी मौलिक रचने में समर्थ नहीं हैं। हमें केवल जुगाड़ आता है। समय रीपिट होता रहता है। अंग्रेजों के समय गन्ना पैदा करने वाले किसान विदेश (फिजी, मॉरिशस, सूरीनाम आदि) गए। वैसे ही नए मिलेनियम में भारत का योगदान खाड़ी देशों में मजदूर सप्लाई तथा आईटी-कर्मियों की दुनिया की सेवा था। उसी से अमेरिका, पश्चिमी देशों में भारतीयों का जाना हुआ।सोचे, प्रवासियों ने जो कमाया, वह किसमें जाया हुआ? केरल के मलयाली परिवार की प्रवासी कमाई हो या पूर्वी यूपी के खाड़ी देशों में गए मजदूरों की कमाई, या बेंगलुरु के आईटी हब में उत्तर भारत की काम कर रही श्रमशक्ति, या बिहार से देश भर में फैले मजदूरों की कमाईख्रइससे देश की शक्ल दो तरह से बदली है। 2010 के बाद का कथित भारत-विकास या तो खपत-बाजार बढ़ाने का चक्र लिए हुए है, या टैक्स, जीएसटी से सरकार की फिजूलखर्ची (वेतन आयोगों, लुटियन दिल्ली में इमारतें बनाने, इन्फ्घ्रास्ट्रक्चर, फिर उन्हें क्रोनी पूँजीपतियों को बाँट देना) का वह दुष्चक्र है, जिसके झाँसे, ललक ने घर-परिवारों, नौजवान दंपत्तियों, मध्यवर्ग, निम्न वर्ग, किसानख्रसभी को कघ्ज में जीने का आदी बना दिया है। सोचे, कभी भारत का गरीब बचत के रिकॉर्ड बनाता था और अब हर कोई कघ्जों में डूबा है, खैरात पर जिंदा है। देश में संतुष्ट, स्वपोषक, आत्मनिर्भर केवल वही आबादी है, जो कोयले की खान की काली कमाई, दलाली से हराम का जीवन जी रहे हैं!विकास के नाम पर कोयले की खान का क्या रूप-परिवर्तन है? मशीनें चीन की लग गई हैं, भ्रष्टाचार के भरपूर विकास में दुनिया के नंबर एक हैं। पर दिल्ली हो या झारखंड का निवासी हर भारतीय धुएँ, धूल से फेफड़े काले करते हुए है।

संक्षिप्त समाचार...

## मुख्यमंत्री से मिले खानपुर प्रधान संगठन के पदाधिकारी, किसानों की समस्याएं रखीं

रुड़की(संवाददाता)। खानपुर प्रधान संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए सिंचाई के लिए पाइपलाइन व्यवस्था सहित कई मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। खानपुर विकासखंड के प्रधान संगठन के अध्यक्ष सन्नी चौधरी की अगुवाई में क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान देहरादून पहुंचे और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि खानपुर क्षेत्र के किसानों पर बिजली के काफी बिल बकाया हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण हर वर्ष बाढ़ के मौसम में फसलें खराब हो जाती हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

## स्कूल में बॉल मांगने गए युवक को हॉकी से पीटा

रुड़की(संवाददाता)। प्राइमरी स्कूल बूडपुर जट के बाहर खेल रहे युवकों की क्रिकेट बॉल अचानक स्कूल परिसर में चली गई। इस पर एक युवक बॉल मांगने परिसर के अंदर गया तो अंदर हॉकी खेल रहे दो युवकों ने गाली-गलौज कर उस पर हमला कर दिया। घायल युवक का हरिद्वार के सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बूडपुर जट निवासी किशन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी की शाम उनका पुत्र अंशुल प्राइमरी स्कूल के बाहर अपने साथियों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान क्रिकेट की बॉल स्कूल परिसर के अंदर चली गई।

## पिता पर डेढ़ साल के बच्चे की हत्या का आरोप, केस दर्ज

रुड़की(संवाददाता)। एक महिला ने अपने दूसरे पति पर डेढ़ साल के मासूम की हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के लंढौरा रोड पर एक ईंट भट्टे पर काम करने वाले सौतेले पिता ने नफरत के चलते उसके बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर पर आरोपी पति और उसके रिश्तेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को गुरुवार देरशाम दी तहरीर में पीड़ित महिला आसमा ने बताया कि उसका दूसरा विवाह कुछ माह पहले बिझौली गांव के पास एक भट्टे पर रहने वाले फैजान से हुआ था। बताया कि उसका पहले पति सलमान से डेढ़ साल का बेटा वाहीब था।

### भड़काऊ भाषण पोस्ट कर त्योहारों का सौहार्द न बिगाड़े: चौधरी

रुड़की(संवाददाता)। आगामी होली पर्व और रमजान के पवित्र माह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना परिसर में कस्बा व क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिनय चौधरी मौजूद रहे। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक के दौरान क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता जताई। इस पर क्षेत्राधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया, जो स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान का प्रयास करेगी। क्षेत्राधिकारी अभिनय चौधरी ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, इसलिए इसका प्रयोग सोच-समझकर किया जाए।

## ट्रामा सेंटर में बढ़ेंगे बेड, 14 तक होगी क्षमता

रुड़की(संवाददाता)। जेएम दीपक रामचंद्र शेट ने शुक्रवार को ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएमओ डॉ. एके मिश्रा ने उन्हें अस्पताल में मिल रही वर्तमान सुविधाओं की जानकारी दी। बताया कि अभी यहां नौ बेड की व्यवस्था है, जिसे बढ़ाकर अब 14 किया जाएगा। हाल ही में ट्रामा सेंटर भवन का कायाकल्प कार्य सीएसआर फंड के माध्यम से कराया गया है। इसके तहत भवन में रंगाई-पुताई, टाइल्स लगाने और आधारभूत सुविधाओं के सुधार का कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान जेएम ने भवन में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

रुड़की(संवाददाता)। धनौरी में तिरछे पुल के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर णार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि, नागल पलूनी निवासी सावन पुत्र राजेश अपनी बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहा था। जैसे ही वह धनौरी के तिरछे पुल के पास पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# काली कुमाऊँ की होली हमारी समृद्ध लोकपरंपरा और सांस्कृतिक पहचान : मुख्यमंत्री

**- लोहाघाट होली रंग महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री, जनसमुदाय संग साझा की उत्सव की खुशियां**

चम्पावत(संवाददाता)। लोहाघाट के रामलीला मैदान में आयोजित काली कुमाऊँ होली रंग महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने



पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली गायन के साथ जनसमूह के साथ होली गायन में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान के आधार स्तंभ हैं और चम्पावत के काली कुमाऊँ की होली अपनी विशिष्ट और पारम्परिक होली गायन के लिए विशेष स्थान रखती है। उन्होने कहा होली समारोह जैसे आयोजन हमारी समृद्ध विरासत को संजोने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। चम्पावत में आधनिक परिवेश के बीच भी पारंपरिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखना सराहनीय है।मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे महोत्सव सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर उत्सव की खुशियों को साझा किया और सभी प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण होली की मंगलकामनाएं दीं।इस दौरान माननीय सांसद (लोकसभा) एवं भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, दर्जा मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिला पंचयात अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, प्रेमा पांडे, सहित मुकेश कलखुड़िया, सुभाष बगोली, हिमेश कलखुड़िया, निर्मल महरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 14 करोड़ की प्रॉपर्टी में दोहरी रकम लौटने के दबाव में हुई अर्जुन शर्मा की हत्या

देहरादून(संवाददाता)। पुलिस के अनुसार, बीना शर्मा और विनोद उनियाल के संबंध करीब दो दशक पुराने हैं। शहीद पति की याद में मिली गैस एजेंसी की कमाई का एक बड़ा हिस्सा बीना शर्मा चुपचाप विनोद उनियाल के खाते में ट्रांसफर कर देती थीं। जब अर्जुन ने होश संभाला और एजेंसी का हिसाब अपने हाथ में लिया तब इस काली सच्चाई का खुलासा हुआ। यहीं से मां-बेटे और विनोद उनियाल के बीच दुश्मनी की नींव पड़ गई। 14 करोड़ की डील और श्डबलश् का फंदा विवाद तब और गहरा गया जब विनोद के कहने पर बीना ने पिछले साल जीएमएस रोड की एक जमीन डॉ. अजय खन्ना को बेच दी। अर्जुन ने इस पर बैंक में आपत्ति लगा दी। क्योंकि, इस जमीन पर चार करोड़ का लोन बकाया था। तब बीना ने डॉ. खन्ना से 4 करोड़ लेकर लोन चुकाया और गुपचुप तरीके से 14 करोड़ में रजिस्ट्री कर दी। जमीन आठ करोड़ विनोद उनियाल को ट्रांसफर कर दिए। डील में रकम वीना शर्मा के खाते में खाते में आए। इसमें आठ करोड़ अगले ही दिन बिना ने विनोद उनियाल के खाते में ट्रांसफर कर दिए। एग्रीमेंट में शर्त थी कि यदि जमीन पर कब्जा नहीं मिला, तो बीना को डॉ. खन्ना को दोगुनी रकम लौटानी होगी।

## चरस तस्करी का आरोपी दोषमुक्त

विकासनगर(संवाददाता)। थाना सहसपुर क्षेत्र में वर्ष 2015 में चरस बरामदगी के मामले में न्यायालय ने शुक्रवार को आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। पुलिस ने 14 सितंबर 2015 की रात जमनपुर प्रगति विहार तिराहे के पास से आसिफ अली उर्फ सोनू अली को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 1 किलो 50 ग्राम चरस बरामद करने का दावा किया था। इस संबंध में थाना सहसपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था।

# विधि विश्वविद्यालय की जमीन से छेड़छाड़ प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

**जनभावनाओं को नजरअंदाज कर फैसले थोपना लोकतंत्र के खिलाफ - यशपाल आर्य**

डोईवाला संवाददाता। लिस्ट्राबाद रानीपोखरी स्थित विधि विश्विद्यालय के मुद्दे को लेकर ग्राम प्रधान संगठन व जनप्रतिधियों द्वारा चल रहे धरना स्थल पर आज नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पहुंचे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल व परवादून जिला कांग्रेस द्वारा विधि विश्वविद्यालय हेतु आवंटित भूमि को अन्य कार्यों के लिए दिए जाने के प्रस्ताव के विरोध में नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपा गया।क्षेत्रवासियों ने मांग की वर्ष 2016 में विधि विश्वविद्यालय स्थापना के लिए आवंटित भूमि को उसके मूल उद्देश्य हेतु सुरक्षित रखा जाए। भूमि उपयोग परिवर्तन से संबंधित सभी प्रस्तावों एवं प्रक्रियाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। डोईवाला क्षेत्र में विधि विश्वविद्यालय की



स्थापना की स्पष्ट एवं समयबद्ध कार्ययोजना घोषित की जाए। क्षेत्र की जनता, प्रधान संगठन एवं जनप्रतिनिधियों से व्यापक चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। युवाओं के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान को शीघ्र स्थापित किया जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश व डोईवाला क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए विधि विश्वविद्यालय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार शिक्षा संस्थानों की भूमि का उद्देश्य बदलने का प्रयास करती है तो यह जनभावनाओं के साथ अन्याय होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को विधानसभा के भीतर मजबूती से उठाया जाएगा और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। परवादून जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि विधि विश्वविद्यालय की स्थापना क्षेत्र के विकास और युवाओं के भविष्य से सीधे जुड़ा विषय है।

# ज्योतिर्मठ में निकाली आक्रोश रैली, बाजार भी रहा बंद

चमोली(संवाददाता)। पैनखंडा समुदाय को केंद्र के अन्य पिछड़ा वर्ग की ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग के लिए लोगों ने ज्योतिर्मठ बाजार में आक्रोश रैली। रैली में भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ा। लोगों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा आक्रोश जताया। उन्होंने 15 दिनों ने सरकार की ओर से इस संबंध में प्रस्ताव केंद्र को नहीं भेजे जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। व्यापारियों ने भी विरोध स्वरूप दोपहर आधे दिन तक बाजार बंद



रखा। ज्योतिर्मठ में पैनखंडा संघर्ष समिति की ओर से शुक्रवार को प्रस्तावित विशाल आक्रोश रैली में भारी संख्या में लोग एकजुट हुए। इसके बाद रैली बदरीनाथ स्टैंड से शुरू होकर मारवाड़ी चौक होते हुए तहसील परिसर पहुंची। यहां लोगों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। वक्ताओं ने कहा कि 100 दिनों तक चले आंदोलन के बाद वर्ष 2016 में पैनखंडा को राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किया गया लेकिन नौ साल बाद भी पैनखंडा समुदाय को केंद्रीय सूची में शामिल नहीं किया गया है। समिति के अध्यक्ष भरत कुंवर ने कहा कि राज्य के ओबीसी आयोग ने आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है। उन्होंने जल्द से जल्द इस मामले को प्रदेश सरकार की संस्तुति के साथ केंद्र को भेजने की मांग की। कहा कि यदि 15 दिनों में केंद्र को प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्ताव नहीं भेजा गया तो धरना-प्रदर्शन के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं विरोध स्वरूप नगर के व्यापारियों ने दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखा। आक्रोश रैली में ज्योतिर्मठ नगर से ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष देवेश्वरी शाह, ब्लॉक प्रमुख अनूप नेगी, उर्गम वार्ड से जिला पंचायत सदस्य रमा राणा, ओम प्रकाश डोभाल, अमित सती, अजीतपाल रावत, कुशल कम्दी, सुखदेव बिष्ट, भगवती प्रसाद नंबूरी सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर फोकस है सरकार कर ध्यानः दीप्ति रावत

नई टिहरी(संवाददाता)। भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओ से संवाद करते हुए जिले में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी ली। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने उन्हें बताया कि संगठन के सभी मोर्चों का गठन विस्तार किया जा चुका है। आज शनिवार को जिला स्तरीय कार्यशाला होगी। जिसके बाद मंडलों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं होगी। जिले में संचालित सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री रावत ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से टिहरी झील क्षेत्र का 12 सौ करोड़ की लागत से विकास किया जा रहा है। रिंग रोड का काम शुरू हो गया है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का काम भी तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार गांव से लेकर शहरों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिसमें सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य,पर्यटन विकास लेकर युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम भी शामिल है। दिसंबर से 45 दिनों तक जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचने में हर कार्यकर्ता सहयोग करें। इस मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मुलायम सिंह रावत,जिला महामंत्री बलवंत रावत,जयेंद्र सेमवाल,नगर पालिकाध्यक्ष शोभनी धनोला,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष राणा,महिला मोर्चा की जिला महामंत्री लीला मखलोगा,अनीता कोठारी,मंडल अध्यक्ष अनीता भट्ट,डॉ.प्रमोद उनियाल,डॉ.भान सिंह नेगी,अतर सिंह तोमर,सतवीर पुंडीर,आरती सेनवान,सुमित रावत,वीरेंद्र सेमवाल,सोहनवीर सजवाण आदि मौजूद रहे। इससे पहले प्रदेश महामंत्री दीप्ति के चंबा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## तिमली सेरा में पत्थरों के चुगान का ग्रामीणों ने किया विरोध

नई टिहरी(संवाददाता)। हेंवल नदी के तिमली सेरा में निजी कंपनी द्वारा पत्थरों के चुगान का स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया है। मामले में उन्होंने डीएम नितिका खंडेलवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि सबसे पहले आपदा प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाए। हेंवलघाटी क्षेत्र के ग्रामीण पर्यावरणविद विजय जड़धारी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय मैठाणी के नेतृत्व में डीएम से मिले। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि गाजियाबाद की एक निजी कंपनी हेंवल नदी के तिमली सेरा में पत्थरों का चुगान कर रही है। जो उचित नहीं है। कहा कि बीते सितंबर माह में आपदा के कारण तिमली सेरा में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। थान, कुमाली आदि गांव के कई लोगों के मकान, दुकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। खेत बह गए और सिंचाई नहरें, पेयजल लाइनें भी टूट गई थी।

## छात्र-छात्राएं राजनीति में आकर प्रदेश को सही दिशा देने के लिए काम करें: भुवन कापड़ी

नई टिहरी(संवाददाता)। एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के छात्र संघ समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। बीएड के छात्र-छात्राओं ने हारुल नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल में उत्तराखंड विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी और प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह का उद्घाटन किया। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन ने देशभक्तीन नारे भुलाए जा रहे हैं। प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक सहित कई स्तर पर गड़बड़ी हो रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को राजनीति में आने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश को सही दिशा देने वालों का चुनाव करें। उन्होंने छात्र संघ की समस्याओं का समाधान करने का वादा किया। प्रतापनगर विधायक नेगी ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा हमेशा कायम रहनी चाहिए। गुरु जी का सम्मान सर्वोच्च होता है। उन्होंने कहा कि परिसर में सोलर गीजर लगाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई ने शिक्षा की बेहतरी के लिए अपने कई सुझाव रखे। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, हिंदी और जौनसारी गीत नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। छात्र संघ अध्यक्ष आशीष राणा ने परिसर की समस्याएं उठाते हुए निराकरण की मांग की। इस मौके पर महासचिव अमन सुयाल, उपाध्यक्ष आलोक कुमार, आशीष नौटियाल, अनामिका पंवार, नैंसी, मांगी लाल, विशाल यादव, आदित्य रतूड़ी,अंकित सजवाण, प्रदीप रावत,डॉ. जेडीएस नेगी, प्रो. आरसी रमोला, प्रो. डीएस बागड़ी, प्रो. डीएस कैंतुरा, सोबन सिंह नेगी, शांति प्रसाद भट्ट, सूरज राणा, विजय गुनसोला, राकेश राणा,नरेंद्र चंद रमोला, देवेंद्र नौडियाल, कुलदीप सिंह पंवार और शक्ति जोशी आदि मौजूद थे।

## बाजार में छाया हर्बल गुलाल

नई टिहरी(संवाददाता)। इस बार होली पर रानीचौरी की महिलाओं के हाथों से तैयार किया गया हर्बल गुलाल बाजार में खास पहचान बना रहा है। मानवाधिकार संरक्षण एवं ग्रामीण विकास समिति के अंतर्गत संचालित आराधना लघु उद्योग से जुड़ी महिलाओं ने फूलों और प्राकृतिक सामग्री से गुलाल तैयार कर स्थानीय बाजारों में उतारा है। करीब आठ कुंतल हर्बल गुलाल तैयार किया जा चुका है, जिसकी मांग नई टिहरी सहित आसपास के क्षेत्रों और ऑनलाइन माध्यम से भी मिल रही है। महिला समूह पिछले एक पखवाड़े से होली के लिए विशेष तैयारियों में जुटा रहा। तैयार गुलाल की पैकिंग कर नई टिहरी, बौराड़ी, बीपुरम, कोटीकॉलोनी, चंबा, बादशाहीथौल, आगराखाल और नरेंद्रनगर समेत अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति की जा रही है। मांग पर संस्था की ओर से उपभोक्ताओं के पते पर भी रंग उपलब्ध कराया जा रहा हैं। संस्था के अध्यक्ष संजय बहुगुणा और आराधना लघु उद्योग की सुषमा बहुगुणा के नेतृत्व में समूह की महिलाओं ने पारंपरिक और प्राकृतिक विधि से रंग तैयार किए हैं। सुषमा बहुगुणा ने बताया कि बादशाहीथौल बंगाचली सहकारिता मेले में लगाए गए स्टॉल पर पिछले सात दिनों के भीतर लगभग दो कुंतल हर्बल रंगों की बिक्री हुई। संजय बहुगुणा ने बताया कि हर्बल गुलाल पूरी तरह सुरक्षित है और इसे बनाने में फूलों का बुरादा, सब्जियों का रस, अरारोट पाउडर और मुल्तानी मिट्टी का उपयोग किया जाता है। गेंदा, गुड़हल और गुलाब की पंखुड़ियों को सुखाकर पीसा जाता है। फिर इसे अरारोट या कॉर्नफ्लोर के साथ मिलाकर छाना जाता है, जिससे मुलायम गुलाल तैयार होता है। चुकंदर से गहरा गुलाबी, पालक से हरा और गाजर से नारंगी रंग बनाया जाता है। खुशबू के लिए नींबू और चंदन तेल की कुछ बूंदें मिलाई जाती हैं।

## बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन तैयार करें कारीगर : विनोद कुमार

नई टिहरी(संवाददाता)। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नई टिहरी में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत विपणन एवं उद्यमिता अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व कारीगरों को कौशल उन्नयन, औजार प्रोत्साहन सहायता, ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन, उत्पाद की ब्रांडिंग करने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय हल्द्वानी विनोद कुमार, संस्थान की प्रधानाचार्य पल्लवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सहायक निदेशक विनोद कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना। उनकी विपणन क्षमता को सुदृढ़ करना, उद्यमिता कौशल का विकास करना है। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण, औजार खरीदने के लिए प्रोत्साहन राशि और ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उद्यम पंजीकरण करने की जानकारी दी। कहा कि पंजीकरण के माध्यम से कारीगर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बताया उद्यमिता में प्रभावी विपणन रणनीति और वित्तीय साक्षरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि कारीगर बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करें और डिजिटल माध्यमों से लेन-देन को अपनाएं तो वे अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। प्रधानाचार्य पल्लवी ने कहा कि वर्तमान समय में सतत कौशल उन्नयन की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं और कारीगरों से अधिक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने की अपील की, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। अपने उत्पादों को बाजार उपलब्ध करा सकें। इस मौके पर डीआरडीए के आशीष शर्मा, नेहा भारद्वाज, एबीआई के कुणाल रैना, जिला उद्योग केंद्र के राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

## अधिक बिल आने और झूलती लाइनों पर उपभोक्ताओं ने उठाए सवाल

नई टिहरी(संवाददाता)। नैनबाग और कैंपटी में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच उत्तरकाशी की पहल पर आयोजित शिविर में घरों के ऊपर बिजली के तार झूलने, खपत से अधिक बिल आने, मीटर खराब होने और समय पर बिल न मिलने की शिकायतें प्रमुखता से छाई रही। इस दौरान शिविर में मंच की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली की सेवा, आपूर्ति और गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी गई। पंतवाड़ी निवासी उपभोक्ता त्रेपन सिंह ने शिकायत की कि उनका बिल काफी अधिक आ रहा है। पाब के प्रधान सुरेश सिंह कैंतुरा ने घरों के ऊपर विद्युत लाइन गुजरने से खतरा होने और खपत से अधिक बिल आने की शिकायत दर्ज कराई। गंभीर सिंह, लोकेंद्र उनियाल, धीरेंद्र पंवार, नीलम देवी, सूरत सिंह, अर्जुन सिंह आदि ने भी अधिक बिल आने की शिकायत दर्ज कराई। कैंपटी में किशन सिंह, जगत सिंह मल्ल ने सोलर रूप टॉप लगाने के छह माह से बिल न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। कमला देवी ने बिल में गलत नाम दर्ज होने, चरण सिंह ने नाम परिवर्तन, भरत सिंह नेगी ने मीटर खराब होने की शिकायत दर्ज कराई है। मंच ने मौके पर ही कई उपभोक्ता को जारी बिल को संशोधित कराया और उपभोक्ता को वास्तविक खपत का नया बिल निर्गत करने के निर्देश विभाग को दिए।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मां पूर्णागिरि मेले 2025 का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**– पूर्णागिरि मेले को पूरे वर्ष भर चलाने का किया जायेगा प्रयास : मुख्यमंत्री**

**– संस्कृति, आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण चम्पावत को बुनियादी सुविधाओं से सशक्त करना है हमारा लक्ष्य**

चम्पावत(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को टनकपुर में ऐतिहासिक मॉ पूर्णागिरि मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेलागाड़ से कोटकेंद्री तक संपर्क मार्ग का निर्माण, कालीगूठ- पूर्णागिरि विभिन्न मेला स्थलों का सौंदर्यकरण, तामली से रूपालीगढ़ होते हुए सीम तक मोटर सड़क मार्ग का निर्माण, मां पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण, मंच-लेठी- वमनगांव- तरकुली- आवड़ा-सेम-चूका तक मोटर रोड का सुधारीकरण का कार्य के साथ ही मां पूर्णागिरि के आंतरिक क्षेत्र का विकास एवं विश्राम रोड़ एवं पुलिया निर्माण कार्य किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो घोषणाएं आज इस अवसर पर की गई हैं जिला प्रशासन त्वरित रूप से इन




घोषणाओं में बिना विलंब के कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पवित्र भूमि को देवताओं का धाम बताते हुए कहा कि प्रदेश के कण-कण में दिव्यता समाई हुई है। मुख्यमंत्री ने मां पूर्णागिरि से प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस मेले को सालभर संचालित करने का संकल्प लेते हुए कहा कि पूर्णागिरि धाम को स्थायी संरचनाओं से सुसज्जित करने का लक्ष्य तय किया गया है। आगामी वर्षों में यह स्थान और भी भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप लेगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड सरकार माँ पूर्णागिरि धाम के विकास के लिए सतत प्रयासरत है और आने वाले समय में इसे एक विशाल आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्कृति आस्था एवं प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण चम्पावत को बुनियादी सुविधाओं से सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है।मुख्यमंत्री ने जनपद में संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि टनकपुर बस स्टेशन को 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इंटर स्टेट बस टर्मिनल के रूप में विकसित किये जाने से परिवहन सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊँ के प्रमुख मंदिरों का सौंदर्यीकरण और उनके रास्तों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में अधिक सुविधा मिलेगी।

## गढ़वाल के सात जिलों में अग्निवीर भर्ती को आवेदन मांगे

देहरादून(संवाददाता)। भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा का सपना देख रहे गढ़वाल के युवाओं के लिए शानदार मौका है। सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन ने वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए योग्य और अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी देहरादून कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह भर्ती विशेष रूप से गढ़वाल क्षेत्र के सात जिलों हरिद्वार, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल और रुद्रप्रयाग के स्थायी निवासी युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 13 फरवरी से जारी है और आवेदन की अंतिम तिथि एक अप्रैल 2026 निधारित की गई है। चयन प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन का आयोजन एक जून से 15 जून 2026 के बीच संभावित है।

# सचिव लोक निर्माण ने किया चारधाम यात्रा मार्गो का स्थलीय निरीक्षण

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर शुक्रवार को सचिव लोक निर्माण डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत उत्तरकाशी - भटवाड़ी - हर्षिल - गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-34 में निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय द्वारा बी.आर.ओ के अधिकारियों को आगामी चारधाम यात्रा से पूर्व 15 अप्रैल, 2026 तक राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या - 34 को दुरूस्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग से मलवा हटाने एवं सभी डेंजर / लैंडस्लाइड जोन में आवश्यकतानुसार कटिंग करते हुए चौडाई बढ़ाने तथा हॉट मिक्स करने के निर्देश दिए। सचिव लोक निर्माण ने अधिकारियों को स्वाडी-गाड में निर्माणाधीन 85 मी० स्पान स्टील सेतु के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यात्रा शुरू होने से पूर्व स्टील गर्डर सेतु का लॉचिंग, डैक स्लैब का कार्य एवं एप्रोच रोड का भी निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर



राज्य सरकार का संकल्प है कि चार धाम से संबंधित सभी कार्य तीव्र गति एवं प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं।सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने मुखवा से धराली तक पैदल मार्ग एवं पैदल सेतु का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण में दौरान उन्होंने धराली क्षेत्र में घटित भीषण दैवीय आपदा के कारण क्षतिग्रस्त धराली स्थित पैदल सेतु के मरम्मत का कार्य प्रारम्भ न होने एवं धराली एवं हर्षिल के बीच दो स्थानों पर क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग का पुनर्निर्माण का कार्य प्रारम्भ न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तय समय के अंदर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा तय समय पर निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।बी.आर.ओ एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आगामी चार धाम यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व ही राष्ट्रीय राजमार्ग के सम्बन्धित स्थलों पर हॉट मिक्स का कार्य करवाते हुए राइडिंग क्वालिटी मे सुधार सुनिश्चित किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार...

### एयरपोर्ट पर छूटा सामान मंगाने को पांच रुपये दिए तो खाते से उड़े 1.63 लाख

देहरादून(संवाददाता)। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर छूटा अपना ही सामान वापस पाने की उम्मीद करना एक दंपती को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने सामान की होम डिलीवरी के नाम पर मात्र पांच रुपये का शुल्क मांगा और उनके बैंक खातों से 1.63 लाख रुपये उड़ा लिए। शिकायत पर बसंत विहार थाना पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीएमएस रोड नर्मदा एन्क्लेव निवासी अरविंद कृष्ण गुप्ता के अनुसार बीते 17 फरवरी को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका कुछ सामान छूट गया था। उनकी पत्नी ने गूगल से एयरपोर्ट का सहायता नंबर खोजकर कॉल किया। जो नंबर गूगल से मिला वह साइबर ठगों ने डाला हुआ था। जालसाज ने बातों में उलझाकर सामान की डिलीवरी के लिए पांच रुपये का यूपीआई भुगतान करने को कहा। आरोपियों के कहे अनुसार पत्नी ने जैसे ही अपने और पति के मोबाइल से 5-5 रुपये भेजे, उनके दोनों फोन हैक हो गए।

### बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

देहरादून(संवाददाता)। बसंत विहार थाना क्षेत्र के उम्मेदपुर में तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। उम्मेदपुर निवासी सुरेंद्र कुमार बीते 20 जनवरी को स्कूटी से ऑफिस जा रहे थे। साईं मंदिर के पास उन्होंने बोलेरो से पास मांगा। आरोप है कि ओवरटेक करते समय बोलेरो चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में उनके बाएं कंधे की हड्डी टूट गई और घुटने के लिगामेंट फट गए। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घायल का निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ। इसके बाद तहरीर दी।

## नैनीताल पुलिस इस बार बेहद सख्त नजर आ रही


हल्द्वानी(संवाददाता)। आगामी होली के पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर नैनीताल पुलिस इस बार बेहद सख्त नजर आ रही है। हल्द्वानी कोतवाली में एसएसपी मंजुनाथ टीसी ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ होली को लेकर बैठक करते हुए निर्देश दिए हैं कि जनपद में होली के पर्व के दौरान किसी भी तरह से कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखेंगे।एसएसपी ने बताया होलिका दहन का कार्यक्रम पूर्व की तरह निर्धारित समय और स्थान पर ही किया जाएगा। इसमें कोई



बदलाव नहीं है, जानबूझकर किसी भी व्यक्ति के साथ गलत व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। होली के दौरान अक्सर हुड़दंगबाजी, टशनबाजी और आपसी रंजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी से शांतिपूर्वक होली के पर्व को मनाने के अपील एससी नैनीताल द्वारा की गई है, उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं की होली के दौरान मारपीट लड़ाई झगड़ा और हुड़दंग करने वालों को तत्काल हिरासत में लेकर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करें

# जमानत याचिका को खारिज कर दिया

नैनीताल (संवाददाता)। /उच्च न्यायालय ने नैनीताल के चर्चित नाबालिग यौन शोषण को जघन्य मानते हुए मो.उस्मान की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि वो तीन माह में इससे संबंधित ट्रायल को निस्तारित करे।पीड़ित किशोरी के अधिवक्ता पंकज चौहान ने बताया कि आज न्यायालय ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है और सरकार से इस मामले का ट्रायल तीन माह में कराकर मामले को निस्तारित करने को कहा है। मामले के अनुसार, नैनीताल में बीती 30 अप्रैल 2025 को मल्लीताल कोतवाली में नाबालिग से दुष्कर्म का एक मुकदमा दर्ज हुआ था।घटना को, उसी वर्ष 12 अप्रैल का बताते हुए एक 12 वर्षीय हिन्दू नाबालिग ने 73 वर्षीय मो.उस्मान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मल्लीताल कोतवाली में प्रदर्शन करने के बाद आंदोलनरत आक्रोशित लोगों ने कुछ दुकानों में हल्की तोड़फोड़ और कुछ लोगों से मारपीट की।एक मई को शहर में आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर एक भव्य जुलूस आयोजित हुआ, तभी से यहां का माहौल गर्मा गया और पुलिस अपराध के साक्ष्य जुटाने में जुट गई। मो.उस्मान की जमानत याचिका तभी से लंबित पड़ी थी, जबकी कुछ न्यायधीशों ने इस बेल को सुनने से इनकार भी किया था।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की

हल्द्वानी (संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में यूयूएसडीए, सिंचाई, जल संस्थान, पेयजल निगम,विद्युत, जल संस्थान एवं एचपीसीएल आदि विभागों द्वारा शहर




में कराए रहे विभिन्न विकास कार्यो जिसमें सडक चौडीकरण, सीवर लाईन,पेयजल एवं गैस पाईप लाईन,सड्क चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण, यूटिलिटी डक्ट सिफ्टिंग आदि महत्वपूर्ण विकास कार्यो की गहनता से समीक्षा की।जिलाधिकारी ने कहा कि हल्द्वानी शहर को आधुनिक एवं सुविधायुक्त भव्य बनाने हो जो भी विकास कार्य वर्तमान में किए जा रहे हैं, उन कार्यो को दोगुनी गति से कराया जाय इस हेतु दो शिफ्टों में दिन में एवं रात्रि में भी कार्य हों, इस हेतु जिलाधिकारी ने यू यू एस डी ए के अधिकारियों को दोगुनी क्षमता में कार्य करने हेतु मैन पावर को बढ़ाते हुए रात्रि में भी कार्य करने के निर्देश दिए। इस हेतु बैठक में कार्यदाई संस्था को कार्य का लक्ष्य देते हुए 13 मार्च तक इन कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक सप्ताह बैठक कर जो भी समस्या कार्यों में आ रही हैं, उनका समाधान मौके पर ही करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि एनओसी से सम्बन्धित जो भी समस्या हैं बैठक में ही समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में जहां भी सडक, सीवर एवं पेयजल के कार्य हो रहे है उन कार्यो को योजनाबद्व तरीके से करें। उन्होंने कहा शहर में जिन आन्तरिक मार्गों में सडक, सीवर पेयजल आदि के कार्य प्रगति पर है उन्हें पूर्ण करने के उपरान्त ही दूसरे क्षेत्रों में कार्य करें ताकि आमजनता को कोई परेशानी ना हो। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है,सुरक्षा के दृष्टिगत उन स्थानों पर साईनेज बैरिकेटिंग,लाइटिंग एवं सैंडबैग का इस्तेमाल अवश्य किया जाए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनों से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर यू.यू.एस.डी.ए. कुलदीप सिंह को निर्देश दिये शहर में कुसुमखेडा चौराहा,लामाचौड, हनुमान मन्दिर तथा मण्डी निकट शनिबाजार चौराहा का अतिक्रमण मुक्त हो गया है। इन चौराहों पर डीपीआर के तहत सौन्दर्यीकरण कार्य 13 मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन आन्तरिक क्षेत्रों में पेयजल, सीवर लाईन आदि के कार्य पूर्ण हो चुके है। उन क्षेत्रो में सडक का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें इसके उपरान्त ही नये क्षेत्रों में कार्य प्रारम्भ किया जाए।बैठक में परियोजना प्रबन्धक ने मण्डी गेट नियर शनिबाजार चौराहे के सम्बन्ध में बताया कि मुख्य मार्ग पर पुलिस चौकी है तथा उक्त चौराहे पर अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस चौकी को मण्डी गेट के समीप शिफ्ट करना है इस हेतु 25 लाख की धनराशि मण्डी परिषद को दो दिन में हस्तांतरित किया जाय, ताकि चौराहे का चौड़ीकरण शीध्र किया जा सके। जिलाधिकारी ने पुलिस, नगर आयुक्त यूयूएसडी,सिंचाई आदि विभागों को संयुक्त निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये। सडक चौडीकरण योजनाबद्व तरीके से किया जायेगा, जिलाधिकारी, प्रथम चरण तीनपानी से मण्डीगेट का चौडीकरण होली के बाद किया जायेगा। इसके उपरान्त तीनपानी से कालटैक्स तक चौडीकरण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा चौडीकरण के दौरान साथ-साथ विद्युत पोल, जलसंस्थान,पेयजल पाईप लाईनों को भी शिफ्टिंग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की भूमि पर अतिक्रमण है वह विभाग शीघ्र ही अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करेंगे इसके लिए विभाग को प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा तिकोनियां से काठगोदाम तक जितने भी वृक्ष सडक की जद में आ रहे है उन्हें लापिंग किया जाए एवं पीपल के पेडों को अन्यत्र शफ्टिंग की योजना पर शीघ्र कार्य किया जाए। इसमें वन विभाग का सहयोग भी लिया जाए।

# आक्रोश व्यक्त किया

रामनगर (संवाददाता)। उत्तराखंड चिन्हित राज्य आंदोलनकारियो ने नवंबर में मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद अभी तक बड़ी हुई पेंशन नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले में बरती जा रही शिथिलता पर कार्रवाई करें। आंदोलनकारी समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी और अनिल अग्रवाल खुलासा ने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार आंदोलनकारीयो की पेंशन बढ़ाने की बात कर रहे हैं। लेकिन उसके लिए अभी तक बजट जारी नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि बड़ी हुई पेंशन के संबंध में 12 फरवरी को कोषागारों को आदेश किए गए हैं लेकिन आदेश में यह नहीं बताया गया है की बड़ी हुई पेंशन कौन सी तारीख से मिलेगी। राज्य के सभी कोषागार में आदेश तो मिल गए हैं लेकिन जो आधे अधूरे हैं। कोषाधिकारियों का कहना है कि जो आदेश आए हैं उसके अनुसार 12 फरवरी से बड़ी हुई पेंशन मानी जाएगी और बड़ी हुई राशि के लिए शासन से बजट की मांग भी की जाएगी। तभी बड़ी हुई धनराशि की पेंशन मिल सकेगी।आंदोलनकारियो ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बड़ी हुई पेंशन मुख्यमंत्री घोषणा तिथि से जारी की जाय। राज्य में पूर्व में भी यही परंपरा रही है।

## रोबोफेस्ट एवं टेकफेस्ट 2026 का सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन

रामनगर (संवाददाता)। ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक में आयोजित रोबोफेस्ट एवं टेकफेस्ट 2026 का सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय के लिए नवाचार, तकनीक और रचनात्मकता का एक ऐतिहासिक उत्सव साबित हुआ।कार्यक्रम में रोबोटिक्स एआई एडवांस्ड और कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कार्यशील (वर्किंग) मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं आगंतुकों को बहुत प्रभावित किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रमुख मॉडलों में वर्किंग एवं सर्विंग रोबोट, ड्रोन, शैक्षणिक



वेबसाइट्स, रडार सिस्टम, सोलर कार, बाधा पहचान एवं सॉस इमरजेंसी स्विच से युक्त नेत्रहीनों के लिए स्मार्ट स्टिक, सेंसर आधारित ऑटोमैटिक सीढ़ी लाइटिंग, वर्षा में कपड़े सुरक्षित रखने वाला ऑटोमैटिक क्लॉथ सेवर, फायर सिक्योरिटी सिस्टम, एआई आधारित ऑटोमैटिक डोर और रोबो टेबल फैन बॉट सहित अनेक अभिनव प्रोजेक्ट्स शामिल रहे।विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्टेम रोबोट साइड किट्स, मेन कंट्रोल किट्स तथा ब्लॉक-बेस्ड कंस्ट्रक्शन किट्स का उपयोग करते हुए इन मॉडलों को तैयार किया। कक्षा तृतीय से ही छात्रों की सक्रिय सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय में रोबोटिक्स शिक्षा केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि पूर्णतः प्रायोगिक और व्यवहारिक रूप से दी जाती है।कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के एमडी एवं निदेशक डॉ. प्रसून श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं सशक्त सहयोग में संपन्न हुआ।विशेष सराहना रोबोटिक्स शिक्षकों अमिताभ घोष, पुष्कर मेहरा एवं अर्जुन कश्यप की रही, जिन्होंने पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, समन्वय एवं उत्साहवर्धन किया।यह प्रदर्शनी रचनात्मकता, टीमवर्क, तकनीकी कौशल और व्यावहारिक शिक्षा का अद्भुत संगम रही। रोबोफेस्ट एवं टेकफेस्ट 2026 ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल केवल तकनीक की शिक्षा नहीं देता, बल्कि भविष्य के नवप्रवर्तकों का निर्माण करता है।

# निदेशक डेरी विकास विभाग अशोक कुमार जोशी ने औचक निरीक्षण किया

लालकुआं (संवाददाता)।' नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, लालकुआं में निर्माणाधीन 85 करोड़ रुपये की लागत वाले अत्याधुनिक दुग्ध प्लांट का निदेशक डेरी विकास विभाग अशोक कुमार जोशी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान निदेशक ने प्लांट में उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की बारीकी से जांच-परख की। साथ ही डेरी विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं, मशीनरी स्थापना और तकनीकी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके संचालन से दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।इस दौरान निदेशक अशोक कुमार जोशी ने दुग्ध शाला में तैयार किए जा रहे दूध, पनीर, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उत्पादन इकाई में साफ-सफाई, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए गदगद नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता और स्वच्छता के मानकों से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं तक शुद्ध एवं सुरक्षित उत्पाद पहुंच सकें।इस अवसर पर दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि डेरी की उपयोगिता और उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मशीनरी की स्थापना शीघ्र कराई जानी चाहिए, ताकि प्लांट का संचालन समय पर शुरू हो सके और दुग्ध उत्पादकों को अधिकतम लाभ मिल सके।निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक संजय उपाध्याय, सामान्य प्रबन्धक यूसीडीएफ आर.एम. तिवारी, डॉ. पी.एस. नागपाल, सामान्य प्रबंधक दुग्ध संघ अनुराग शर्मा, प्रभारी प्रशासन एवं विपणन संजय सिंह भाकुनी, कारखाना प्रबंधक धर्मेंद्र राणा, प्रभारी उपार्जन सुभाष बाबू, प्रभारी लैब रमेश आर्य मौजूद रहे।



# भूत बंगला से जारी हुआ पहला गाना, अक्षय कुमार ने दिखाई भूतों की दुनिया

अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला 10 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म रिलीज से पहले ही इसमें अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन की जोड़ी 14 साल के लंबे गैप के बाद लौट रही है। आज गुरुवार को फिल्म भूत बंगला का पहला गाना राम जी भला करेंगे रिलीज हो गया है। इस गाने को देखते ही लोगों के अंदर भूल भुलैया वाला खुमार जाग गया। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म ने उन ऑडियंस के बीच पहले से ही जबरदस्त एंटीसिपेशन पैदा कर दिया है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी एंटरटेनर फिल्में देख कर बड़े हुए हैं। एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना श्राम जी आके भला करेंग्े रिवील कर दिया है, जो एक हाई-स्पिरिटेड ट्रैक है और इसमें अक्षय कुमार अपने पीक एंटरटेनर मोड में नजर आ रहे हैं। पागलपन, नॉस्टैल्जीआ और उनकी ट्रेडमार्क कॉमिक एनर्जी से भरपूर यह गाना, फिल्म की इस मजेदार दुनिया की एक वाइब्रेंट झलक पेश करता है। कॉमिक एनर्जी से भरपूर यह एक स्पिरिटेड और पेपी ट्रैक है, श्राम जी आके भला करेंग्े फिल्म के सार को बखूबी कैप्चर करता है। इसके इन्फेक्शियस हाई-ऑक्टेन बीट्स और प्लेफुल विजुअल्स एक हंसी से भरी सवारी के लिए मूड सेट कर देते हैं, जो भूत बंगला को एक फुल-थ्रॉटल एंटरटेनर के रूप में मजबूती से एस्टेब्लिश करते हैं। यह गाना अक्षय कुमार को उनके क्लासिक अवतार में दिखाता है, जो भूतिया दुनिया और उसके कई अजीबोगरीब भूतों के बीच बड़े आराम से नेविगेट कर रहे हैं, और स्पूक्टैकुलर केओस और कॉमिक फ्लेयर से भरी एक फ्रंटिक और मजेदार परफॉरमेंस दे रहे हैं। प्रीतम द्वारा कंपोज किए गए और कुमार के लिखे लिरिक्स के साथ, इस गाने को अरमान मलिक और आरवन (देव अरिजीत) ने गाया है, जिसमें मेलो डी द्वारा लिखा और परफॉर्म किया गया एक रैप सेगमेंट इसकी लाइवली बीट्स में एक कंटेम्परेरी एज जोड़ता है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक हिस्सा है, केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर भूत बंगला पेश करते हैं, जिसमें अक्षय कुमार, वामीका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव लीड रोल्स में हैं। प्रियदर्शन द्वारा डायरेक्टेड इस फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की दूसरी फिल्म तैयार, सिद्धांत चतुर्वेदी होंगे जोड़ीदार

क्वीन और सुपर 30 जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक विकास बहल ने अपनी अगली म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को साइन किया है। बॉलीवुड की ये नई जोड़ी एक शानदार संगीतमय सफर पर निकलने के लिए तैयार है। अलीजेह की फर्रे में तारीफों के बाद सिद्धांत के साथ उनकी ये केमिस्ट्री दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी (पंजाब) से भी जुड़े थे और वहां की संस्कृति में भी ढल रहे थे। इसमें आपको 90 के दशक का लुक, डांस क्लबों का माहौल और पंजाबी संगीत के दुनियाभर में मशहूर होने के पीछे के संघर्ष व जुनून को देखने को मिलेगा। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे लंदन की गलियों में पंजाब की आवाज गूंजी और इतिहास रचा गया। सिद्धांत इस फिल्म में एक ढोल बजाने वाले की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं अलीजेह एक गायिका की भूमिका निभाएंगी। निर्देशक विकास बहल ने इस फिल्म को एक म्यूजिकल लव स्टोरी के रूप में बुना है। इसमें प्यार के साथ-साथ सपनों को पूरा करने की जिद और अपनी पहचान बनाने के संघर्ष को दिखाया जाएगा। फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है। तैयारियां जल्द शुरू होंगी



और फिल्म की शूटिंग 2026 के दूसरे हिस्से में शुरू करने की योजना है। सिद्धांत और निर्देशक विकास बहल की ये साथ में दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले उन्होंने एक रोमांटिक कॉमेडी दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग में साथ काम किया है, जो इसी साल (2026) जुलाई से सितंबर के बीच रिलीज हो सकती है। सिद्धांत की फिल्म दो दीवाने शहर में कुछ ही दिन पहले सिनेमाघरों में आई है। इस अपनी नई म्यूजिकल फिल्म् की शूटिंग शुरू करने से पहले सिद्धांत महान फिल्म निर्माता वी शांताराम की बायोपिक की शूटिंग पूरी करेंगे। अलीजेह ने साल 2023 में फिल्म फर्रे से बॉलीवुड में अपनी शानदार शुरुआत की थी। फिल्म थाई ब्लॉकबस्टर बैड जीनियस का रीमेक थी, जिसमें अलीजेह की एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी।

# फोर मोर शॉट्स प्लीज वालीं कीर्ति कुल्हारी अब खलनायिका बनकर मचाएंगी तहलका



पिंक, इंदु सरकार और फोर मोर शॉट्स प्लीज जैसी फिल्मों-सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वालीं कीर्ति कुल्हारी नई भूमिका को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फैंस इस बार उन्हें नकारात्मक किरदार में देखेंगे। पिछले साल अभिनेत्री ने राकेश सैन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म चकोर बन की शूटिंग शुरू की है। इसके बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति को फिल्म चकोर बन में मुख्य खलनायिका (या मुख्य प्रतिपक्षी) के लिए चुना गया है जो उनके लिए एक नया अनुभव होगा। फिल्म को बनाने के लिए राकेश बतौर सहायक और एसोसिएट निर्देशक बनकर, दिग्गज निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने एक हसीना थी, एजेंट विनोद, बदलापुर, अंध ाधुन और मेरी क्रिसमस जैसी कई फिल्मों में अपना पूरा सहयोग दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति ने अपनी एक अन्य फिल्म किनारे की शूटिंग पूरी कर ली है। यह उनकी पहली फीचर फिल्म है जिसे उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी किंटसुकुरोई फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन अकबर आजम कादरी ने किया है, जबकि कहानीकार भी वह खुद हैं। कास्ट में कीर्ति के अलावा, अभिनेता राजीव सिद्धार्थ, रवि तनेजा और अलका अमीन जैसे सितारे हैं। फिलहाल फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और इसी साल रिलीज हो सकती

# द केरल स्टोरी के निर्देशक की आगामी फिल्म चरक का टीजर रिलीज, अंधविश्वास पर सवाल उठाती है कहानी

द केरल स्टोरी फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म श्चरक: फेयर ऑफ फेथ्ा का टीजर आज जारी हुआ है। टीजर में भारत के ग्रामीण इलाकों में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। जानते हैं कैसा है श्चरक्ा का टीजर और क्या है इसमें कुछ खास? चरक मेले की भयावह बैकग्राउंड पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे समुदाय की कहानी है, जो मानता है कि यह त्योहार उनकी लंबे समय से लंबित मनोकामनाओं को पूरा करने का आखिरी मौका है। जैसे-जैसे अनुष्ठान तेज होते जाते हैं, टीजर में कुछ परेशान करने वाली प्रथाओं और नैतिक दुविधाओं की झलक मिलती है। जो फिल्म को भक्ति, त्याग और गलत विश्वास की एक गहरी पड़ताल के रूप में दिखाती हैं। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिश्रित किया गया है। टीजर में अंधविश्वाल व तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं व विधाओं के बारे में दिखाया गया है। इसमें अघोरी से लेकर बली देने की प्रथा तक शामिल है। शीलादित्य मौलिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अंजली पाटिल, साहिदुर रहमान, सुब्रत दत्ता, शशि भूषण, नलनीश नील, शंखदीप और शौनक श्यामल सहित कई जाने-माने कलाकार शामिल हैं। श्चरक: फेयर ऑफ फेथ्ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सिनेमाई अनुभव प्रदान करता है, जो आस्था और कट्टरता के बीच की पतली रेखा पर सवाल उठाता है। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को देखकर इसको लेकर उत्साह बढ़ता है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# एसएसपी डोबाल ने की अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, आगामी त्यौहारों और पर्यटक सीजन के मद्देनजर की गई तैयारियों की समीक्षा

देहरादून(संवाददाता)। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने वर्तमान में चल रहे बोर्ड परिक्षाओं के मद्देनजर पुलिस को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। धार्मिक प्रतिष्ठानों, शादियों और अन्य आयोजनों में लाउडस्पीकर और डीजे का इस्तेमाल निर्धारित मानकों के अनुरूप करने के एसएसपी ने ने निर्देश दिए हैं। साथ ही पीक आवर्स, स्कूलों की टाइमिंग के दौरान मुख्य मार्गों, चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाने को कहा। सभी अंतर्जनपदीय और अंतरराज्यीय चौकपोस्ट पर और अधिक चेकिंग करने के निर्देश दिए है। बता दें कि एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, आगामी त्यौहारों और पर्यटक सीजन के मद्देनजर की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए है। वर्तमान में चल रहे रमजान के महीने ओर आगामी होली के पर्व के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर लें। त्यौहारों के दौरान अराजक तत्वों/हुडदंगियों पर सतर्क नजर रखी जाए। त्यौहारों के दौरान पहले में हुए विवादों का संज्ञान लेते हुए मिश्रित आबादी क्षेत्रों/संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के प्रबन्ध किए जाए।मुख्य अग्निशमन अधिकारी सभी संस्थानों और प्रतिष्ठानों, खास कर आबादी क्षेत्र में स्थित गोदामों का फायर ऑडिट करेंगे। ऐसे संस्थान और प्रतिष्ठानों अथवा गोदाम संचालकों,जिनके द्वारा अपने प्रतिष्ठानों का फायर ऑडिट न कराया गया हो, उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाए। आगामी कुंभ मेले के मद्देनजर ऋषिकेश क्षेत्र में भी फायर टीमों द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों का फायर ऑडिट करते हुए आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर सभी सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाए, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।पीक



आवर्स और स्कूलों की टाइमिंग के दौरान सभी थाना प्रभारी खुद क्षेत्र में मौजूद रहकर मुख्य मार्गो, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की विजिबिलिटी करें। साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में रात-दिन नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ सभी अंतर्जनपदीय और अंतराज्यीय चेकपोस्ट पर भी लगातार चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जाए। चेकिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित होने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी के साथ-साथ सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी।वर्तमान में प्रचलित बोर्ड परिक्षाओं के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित धार्मिक प्रतिष्ठानों और होने वाले आयोजनों के दौरान ध्वनि यंत्रों का इस्तेमाल निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## किरायेदार के अपराधी निकलने पर मकान मालिक पर होगा केस

देहरादून(संवाददाता)। बिना सत्यापन के किरायेदार रखने वालों पर न सिर्फ भारी जुर्माना लगेगा, बल्कि किरायेदार के अपराधी निकलने पर मकान मालिक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा। दून में किराये पर रह रहे झारखंड के कुख्यात विक्रम शर्मा हत्याकांड के उठे सवालों को देखते हुए यह कदम उठाया गया। शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था वी मुरूगेशन ने जिले के पुलिस अफसरों और थानेदारों के साथ ऑपरेशन क्रैकडाउन और अन्य पुलिस अभियानों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने वाले मकान मालिकों पर शिकंजा कसा जाए। एडीजी ने स्पष्ट किया कि पुलिस का यह चेकिंग अभियान सिर्फ आम मोहल्लों तक सीमित नहीं रहेगा। शहर की बड़ी सोसाइटियों, अपार्टमेंट और पॉश कॉलोनियों में भी बड़े पैमाने पर सत्यापन किया जाए। पुलिस ऐसे मकान मालिकों को खासतौर पर रडार पर ले, जो खुद कहीं और रहते हैं और दून में अपने फ्लैट बाहरी लोगों को बिना पुलिस सत्यापन के किराये पर दे रखे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किरायेदार का कोई आपराधिक रिकॉर्ड निकलता है और उसका वेरिफिकेशन नहीं हुआ है तो पुलिस मकान मालिक पर भी एफआईआर दर्ज करेगी।

## संक्षिप्त समाचार...

### देहरादून पुलिस की डिजिटल निगरानी: राजनीतिक और साम्प्रदायिक पोस्ट सबसे ज्यादा चिन्हित - एक गलत पोस्ट जिले, राज्य और देश का माहौल बिगाड़ सकती है : एसएसपी अजय सिंह

देहरादून(संवाददाता)। सोशल मीडिया की निगरानी में पुलिस का खुफिया तंत्र (स्थानीय अभिसूचना इकाई) सबसे ज्यादा सतर्क रहा। साल भर में पकड़ी कुल मामलों में करीब नौ हजार अकेले एलआईयू के माध्यम से पुलिस रिकॉर्ड तक पहुंचे। इसके अलावा इंटेलिजेंस मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय ने भी सैकड़ों संदिग्ध पोस्ट चिन्हित किए। पुलिस की डिजिटल विंग 24 घंटे की-वर्ड्स और ट्रेंड्स के जरिए उन्माद फैलाने वाले तत्वों की तलाश में जुटी रही। 31 मामलों में मुकदमे दर्ज सोशल मीडिया पोस्टों के गंभीर मामलों में 31 मुकदमे दर्ज किए गए। जबकि 31 मामलों में कंटेंट को तत्काल हटवाया गया। इसके अलावा 82 लोगों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई और 33 व्हाट्सएप या सोशल मीडिया ग्रुप्स की ग्रुप काउंसलिंग कर उन्हें चेतावनी दी गई। राजनीतिक और साम्प्रदायिक पोस्ट अधिक राजनीतिक और साम्प्रदायिक आधार पर माहौल खराब करने की कोशिशें सबसे ज्यादा हुई। साल भर में 507 राजनीतिक पोस्ट और 79 साम्प्रदायिक-हेट स्पीच से जुड़े मामले सामने आए। पुलिस ने 16 प्रमुख भ्रामक सूचनाओं का आधिकारिक तौर पर खंडन जारी किया। ताकि, अफवाह से कोई असर न हो। शिकायतों का विवरण साम्प्रदायिक/हेट स्पीच- 79 राजनीतिक- 507 सरकार विरोधी- 22 जातिगत टिप्पणी- 03 अन्य भ्रामक सूचनाएं- 9013 सोशल मीडिया निगरानी को सबसे महत्वपूर्ण विषयों में शामिल किया गया है। एक गलत पोस्ट जिले, राज्य और देश में माहौल खराब कर सकती है। इसलिए सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाती है।

### वीरभद्र सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर, दृष्टिबाधित सोहन ने भी किया महादान

देहरादून(संवाददाता)। वीरभद्र वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक स्व. धीरेंद्र (धीरू भाई) के जन्मदिन पर जोहड़ी गांव (वार्ड-2) में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। देवभूमि ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में तब प्रेरणादायी माहौल बन गया, जब दृष्टिबाधित सोहन दास ने भी रक्तदान कर समाज को एक अनूठा संदेश दिया। इस अवसर पर श्उत्तराखंड के रक्तवीरश योगेश अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सोसायटी की अध्यक्ष अनिता शास्त्री, पार्षद सुशांत बोहरा व सागर लामा, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, संध्या थापा, कल्पना गुरुंग और संदीप रस्तोगी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव, वित्त ने विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ की बैठक

देहरादून(संवाददाता)। प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु ने सचिवालय में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर संगठनों द्वारा उठाई गई मांगों पर विचार-विमर्श कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गये। प्रमुख सचिव द्वारा सर्वप्रथम राजकीय शिक्षक संघ की मांगों पर विचार विमर्श किया गया। शिक्षकों को वर्ष में एक बार गृह जनपद आने जाने के लिए यात्रा अवकाश पूर्व की भाति बहाल किये जाने की मांग के संबंध में अन्य राज्यों में इस संबंध में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन किये जाने तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग में विभिन्न स्तरों पर लबित पदोन्नति से संबंधित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की मांगों के संबंध में भारत सरकार में प्रचलित व्यवस्था के आलोक में परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही किये



जाने के निर्देश वित्त एवं कार्मिक विभाग को दिये गये। उत्तराचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसियेशन की विभिन्न पदो को समाहित करते हुए ढांचे के पुनर्गठन हेतु की जा रही मांग के संबंध में कार्मिक विभाग को भारत सरकार में प्रचलित व्यवस्था के आधार पर समयबद्ध परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कार्मिक संगठन उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल के लिए जनपद देहरादून में संघ भवन निर्माण हेतु जमीन दिये जाने के लिए जिलाधिकारी, देहरादून को पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (समूह ख) के कर्तव्य एवं दायित्वों के निर्धारण के संबंध में सम्यक विचार विमर्श कर कार्मिक विभाग को प्रस्ताव का प्रजेंटेशन उपलब्ध कराने को कहा। प्रमुख सचिव द्वारा जिन विभागों में मिनिस्टीरियल के पदो का पुनर्गठन नही हुआ है, उनके पुनर्गठन को लेकर सभी विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये।प्रमुख सचिव ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांग सम्पूर्ण सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न कर सकने वाले कार्मिकों की ए.सी.पी. से संबंधित गांग पर विधान सभा सत्र के बाद विभागाध्यक्षों एवं संगठनों के साथ बैठक किए जाने की बात कही।गोल्डन कार्ड के तहत ओ.पी.डी. में जन औषधि केन्द्रों से कैशलेश दवा एवं सुपरस्पेसलिस्ट चिकित्सालयो में कैशलेश जाच को लेकर प्रमुख सचिव ने कहा कि अधिकारियो-कर्मचारियो को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। सम्पादक - राजेश पंत
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आइ एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com